# हिन्दी
# HINDI

1. जे हाल मिसकीं मकुन तगाफुल दुराय नैना, बनाय बतियाँ – इस प्रसिद्ध पंक्ति के रचनाकार हैं
   (A) अमीर खुसरो
   (B) कबीर
   (C) रज्जब
   (D) मलिक मुहम्मद जायसी

2. 'इक्कीसवीं सदी का लड़का' किस कहानीकार की कृति है ?
   (A) क्षमा शर्मा
   (B) मोहिनी छाबड़ा
   (C) महेश दर्पण
   (D) वीरेन्द्र सक्सेना

3. निम्नलिखित में कौन–सी रचना के लेखक का नाम सही नहीं है ?
   (A) जुलूस रुका है – विवेकी राय
   (B) शिखरों के सेतु – शिवप्रसाद सिंह
   (C) तुम चंदन हम पानी – विद्यानिवास मिश्र
   (D) सदाचार का तावीज – श्रीलाल शुक्ल

4. एक में तालव्य ध्वनियों का प्रयोग हुआ है
   (A) पापा
   (B) बाबा
   (C) मामा
   (D) चाचा

5. 'वीणापाणि' में समास है
   (A) बहुव्रीहि
   (B) कर्मधारय
   (C) द्विगु
   (D) अव्ययीभाव

6. रीतिकाल को सर्वप्रथम शृंगार काल नाम रखने का सुझाव किसने दिया ?
   (A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
   (B) आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
   (C) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
   (D) रामकुमार वर्मा

7. 'छोटी हल्की गोल और किनारेदार थाली दिखाओ' – वाक्य में अपेक्षित है
   (A) तीन अल्प विराम और एक पूर्ण विराम
   (B) तीन अल्प विराम, एक योजक चिह्न और एक पूर्ण विराम
   (C) चार अल्प विराम और एक पूर्ण विराम
   (D) चार अल्प विराम, एक योजक चिह्न और एक पूर्ण विराम

8. हिन्दी में मुक्त छंद के प्रवर्तक कवि है
   (A) अज्ञेय
   (B) निराला
   (C) मुक्तिबोध
   (D) धूमिल

9. 'मैं तुमसे टेलीफोन पर बात करूँगा' – इस वाक्य में 'टेलीफोन पर' किस कारक में प्रयुक्त है ?
   (A) सम्बन्ध कारक
   (B) अधिकरण कारक
   (C) कर्म कारक
   (D) करण कारक

10. 'नरसी जी का मायरा' किसकी रचना है ?

(A) हरिदास (B) रहीम

(C) मीराबाई (D) रसखान

11. अष्टाध्यायी के रचनाकार हैं

(A) कात्यायन (B) पाणिनि

(C) कैयट (D) पतञ्जलि

12. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार 'छायावाद में प्राप्त होने वाली 'प्रतीक शैली' पर किस साहित्य का प्रभाव है ?

(A) अंग्रेजी (B) फ्रांसीसी

(C) बंगला (D) फ़ारसी

13. 'चलती चाकी देख के दिया कबीरा रोय
दो पाटन के बीच में साबुत बचा न कोय'
प्रस्तुत दोहे में प्रयुक्त शब्द शक्ति है

(A) अभिधा

(B) लक्षणा

(C) व्यंजना

(D) इनमें से कोई नहीं

14. निम्न में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है ?

(A) इंद्रावती – नूर मुहम्मद

(B) हंस जवाहिर – कासिम शाह

(C) चित्रावली – उसमान

(D) मधुमालती – कुतुबन

15. 'जिसे तत्काल उचित उत्तर या उपाय सूझ जाय' – के लिए एक शब्द है

(A) प्रतिभाशाली (B) बुद्धिमान

(C) प्रत्युत्पन्नमति (D) अक्लमंद

16. ''प्रयोगवाद अपने आप में इष्ट नहीं है, वह साधन है.. प्रयोग द्वारा कवि अपने सत्य को अधिक अच्छी तरह जान सकता है और अधिक अच्छी तरह अभिव्यक्त कर सकता है वस्तु और शिल्प दोनों क्षेत्र में प्रयोग फलप्रद होता है ।'' – यह कथन किसका है ?

(A) भवानी प्रसाद मिश्र

(B) नरेश मेहता

(C) अज्ञेय

(D) रघुवीर सहाय

17. 'जब तें इत तें घनश्याम सुजान अचानक ही बलसंग सिधारे कर पै मुखचंद धरे सजनी नित सोचति है तू कहा मन मारे' प्रस्तुत पंक्तियों में किस संचारी भाव का उल्लेख है ?

(A) मोह (B) स्मृति

(C) ग्लानि (D) वितर्क

18. सोमप्रभ सूरि की रचना है

(A) कुमारपालचरित

(B) कुमारपालप्रतिबोध

(C) प्रबन्ध चिन्तामणि

(D) भविसयत्तकहा

19. निम्नलिखित में से एक 'सूर्य' का पर्यायवाची है

(A) रस (B) निचोड़

(C) अर्क (D) सार

20. अन्त:स्थ व्यञ्जन हैं

(A) च, छ, ज, झ (B) त, थ, द, ध

(C) प, फ, ब, भ (D) य, र, ल, व

21. 'यथाशक्ति' में समास है

(A) अव्ययीभाव (B) बहुव्रीहि

(C) द्वन्द्व (D) तत्पुरुष

22. ज्ञानपीठ पुरस्कार से पुरस्कृत कृति है

(A) कामायनी (B) पल्लव

(C) परिमल (D) चिदम्बरा

23. निम्न में से कौन-सा शब्द 'उत्तर' का विलोम नहीं है ?

(A) प्रश्न (B) दक्षिण

(C) पूर्व (D) अनुत्तर

24. 'फूल मरै पै मरै न बासू' – यह प्रसिद्ध उक्ति किस कवि की है ?

(A) दादू

(B) कबीर

(C) रैदास

(D) जायसी

25. दशकुमारचरित के रचनाकार हैं

(A) दण्डी

(B) माघ

(C) बाणभट्ट

(D) कालिदास

26. 'मानव-प्रकृति का ज्ञान तुलसीदास से अधिक उस युग में किसी को नहीं था ।' यह कथन किसका है ?

(A) रामचन्द्र शुक्ल

(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) रामविलास शर्मा

(D) विश्वनाथ त्रिपाठी

27. निम्न उपन्यास में कौन उसके लेखकों के साथ सुमेलित नहीं है ?

(A) झीनी झीनी बीनी चदरिया – अब्दुल बिस्मिला

(B) पहला पड़ाव – श्रीलाल शुक्ल

(C) भैयादास की माड़ी – भीष्म साहनी

(D) अब्दुल्ला दीवाना – शंकर शेष

28. विलोम की दृष्टि से असंगत युग्म है

(A) ऊँट – ऊँटनी

(B) प्राचीन – अर्वाचीन

(C) शूर – भीरु

(D) साँड़ – साड़िनी

29. भारतीय भाषा विज्ञान की प्रसिद्ध 'मुनित्रयी' में सम्मिलित नहीं है

(A) पाणिनि

(B) पतंजलि

(C) कात्यायन

(D) भर्तृहरि

30. 'अ-कहानी' आन्दोलन के पुरस्कर्ता माने जाते हैं

(A) गंगा प्रसाद 'विमल'

(B) मोहन राकेश

(C) रवीन्द्र कालिया

(D) रमेश बक्षी

31. 'मधु' शब्द का पंचमी विभक्ति एक वचन में रूप होता है ?

(A) मधुने (B) मधुना

(C) मधोः (D) मधुनः

32. 'किन्नर देश में' किस विधा की रचना है ?

(A) निबंध

(B) संस्मरण

(C) रिपोर्ताज

(D) यात्रा-वृत्तान्त

33. हिन्दी के प्रथम अलंकार निरूपक आचार्य हैं

(A) भिखारीदास (B) केशवदास

(C) मतिराम (D) चिन्तामणि

34. निम्नलिखित में अव्ययीभाव समास का उदाहरण है

(A) रातोंरात (B) कपड़छन

(C) मनमाना (D) ठकुरसुहाती

35. 'नयनों की नीलम की घाटी
जिस रस घन से छा जाती हो
वह कौंध कि जिससे अन्तर की
शीतलता ठण्डक पाती हो'

प्रस्तुत पंक्तियाँ कामायनी के किस सर्ग से ली गई हैं ?

(A) लज्जा

(B) वासना

(C) श्रद्धा

(D) काम

36. एक वाक्य शुद्ध है

(A) तट पर लगे वृक्ष और लताओं से नदी की शोभा बढ़ गयी थी ।

(B) सभा में उपस्थित हर एक सदस्यों का यही मत था ।

(C) ऋषि-मुनि आदियों के द्वारा हमें ज्ञान मिला ।

(D) अनसूया अत्रि ऋषि की पत्नी थी ।

37. 'तुम्हारे मुँह में घी - शक्कर' का सही अर्थ होगा

(A) ईश्वर करे, तुम्हारा समाचार सत्य हो

(B) तुम्हारी बातें मीठी लगती हैं

(C) तुम्हें मिठाई की कभी कमी न हो,

(D) सदैव मीठी बात ही बोला करो

38. इनमें से एक विदेशी भाषा का शब्द है

(A) कतार (B) पंक्ति

(C) श्रेणी (D) शृंखला

39. 'निश्चय' शब्द में कौन-सी सन्धि है ?

(A) गुण सन्धि (B) दीर्घ सन्धि

(C) यण सन्धि (D) विसर्ग सन्धि

40. शांतिप्रिय द्विवेदी कृत 'परिव्राजक की प्रजा' क्या है ?

(A) जीवनी (B) आत्मकथा

(C) यात्रा साहित्य (D) रेखाचित्र

41. 'जो कम खर्च करने वाला है' के लिए एक शब्द है

(A) अव्ययी

(B) मितव्ययी

(C) सद् व्ययी

(D) कृपण

42. निम्नलिखित में एक रचना 'राष्ट्रीय सांस्कृतिक धारा' की नहीं है ?

(A) हम विषपायी जनम के

(B) सूत की माला

(C) प्रभात फेरी

(D) विसर्जन

43. 'बिहारी अकेले कवि हैं जिन्होंने ग्रामीण संस्कृति के विरुद्ध घृणा की अभिव्यक्ति की है।' यह किसका कथन है ?
(A) रामचन्द्र शुक्ल
(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(C) डॉ. नगेन्द्र
(D) बच्चन सिंह

44. 'रससूत्र' के किस व्याख्याता ने रस-निष्पत्ति की प्रक्रिया की पुष्टि चित्र तुरंग न्याय के आधार पर की है ?
(A) शंकुक (B) लोल्लट
(C) अभिनवगुप्त (D) भट्टनायक

45. निम्नलिखित में अघोष-महाप्राण ध्वनि है
(A) ख (B) क
(C) ड (D) घ

46. 'संवत सोरह सै इकतीसा।
करउं कथा हरि पद धरि सीसा ।।'
उपर्युक्त पंक्तियों में किस प्रसिद्ध ग्रन्थ के रचनाकाल का संकेत किया गया है ?
(A) पदमावत
(B) अनुराग बाँसुरी
(C) रामचरित मानस
(D) रामचरित चिंतामणि

47. एक वाक्य में अपादान कारक का प्रयोग हुआ है
(A) शिकारी ने तीर से बाघ मारा।
(B) हाथी के द्वारा पेड़ ढाहा गया।
(C) सत्संग से बुद्धि सुधरती है।
(D) लड़का बाजार से लौटा।

48. 'निस्सहाय हिन्दू' उपन्यास के लेखक कौन हैं ?
(A) प्रतापनारायण मिश्र
(B) बालकृष्ण भट्ट
(C) लज्जाराम शर्मा
(D) राधाकृष्ण दास

49. मंगलेश डबराल का कविता संग्रह है
(A) ठेले पर हिमालय
(B) पहाड़ पर लालटेन
(C) घास में दुबका आकाश
(D) हरी घास पर क्षण भर

50. 'भाग्य' का पर्यायवाची नहीं है
(A) प्रारब्ध
(B) नीयत
(C) भवितव्य
(D) नियति

51. निम्नलिखित में किस रचना और उसकी विधा का नाम सही नहीं है ?
(A) ऋण जल धन जल – रिपोर्ताज
(B) क्या भूलूँ क्या याद करूँ – आत्मकथा
(C) आवारा मसीहा – जीवनी
(D) जूठन – संस्मरण

52. हिन्दी के किस आचार्य ने 'छल' नामक संचारी भाव को प्रचारित किया ?
(A) रामचन्द्र शुक्ल
(B) डॉ. नगेन्द्र
(C) देव
(D) भिखारीदास

53. 'तांबे के कीड़े' नामक लघुनाटक के लेखक हैं

(A) मोहन राकेश

(B) भुवनेश्वर प्रसाद

(C) रामकुमार वर्मा

(D) लक्ष्मीनारायण मिश्र

54. किस वाक्य में एक वचन का प्रयोग हुआ है ?

(A) लड़के बोले ।

(B) लड़के ने कहा ।

(C) लड़कों ने कहा ।

(D) लड़के ने लड़कों से कहा ।

55. 'पंत जी की रचनाओं 'वीणा' और 'पल्लव' दोनों में अंग्रेजी कविताओं से लिए हुए भाव और अंग्रेजी भाषा के लाक्षणिक प्रयोग बहुत मिलते हैं' – यह कथन किसका है ?

(A) डॉ. नगेन्द्र

(B) रामचन्द्र शुक्ल

(C) रामविलास शर्मा

(D) डॉ. बच्चन सिंह

56. 'आपने क्या कहा सो मैने नहीं सुना' – वाक्य में अपेक्षित हैं

(A) एक प्रश्न वाचक चिह्न, एक पूर्ण विराम

(B) एक अल्प विराम, एक पूर्ण विराम

(C) एक पूर्ण विराम

(D) एक प्रश्न वाचक चिह्न

57. अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' द्वारा रचित 'ठेठ हिन्दी का ठाठ' किस विधा की रचना है ?

(A) काव्य (B) नाटक

(C) उपन्यास (D) अनुवाद

58. 'रत्नाकर जोपम कथा' पुस्तक का संबंध किससे है ?

(A) महायानी सिद्ध

(B) वज्रयानी सिद्ध

(C) नाथ

(D) जैन

59. 'कबीर का भक्ति आन्दोलन विद्रोहमूलक है, तो गो. तुलसीदास का प्रतिरोधात्मक' – यह विचार व्यक्त करनेवाले विद्वान हैं

(A) रामचन्द्र शुक्ल

(B) डॉ. नगेन्द्र

(C) डॉ. बच्चन सिंह

(D) डॉ. रामविलास शर्मा

60. 'उर्दू' आगत शब्द है

(A) फारसी (B) अरबी

(C) पश्तो (D) तुर्की

61. मीराबाई की उपासना है

(A) माधुर्य भाव (B) सख्य भाव

(C) दास्य भाव (D) वात्सल्य भाव

62. 'कान्हा' शब्द है

(A) तत्सम शब्द

(B) तद्भव शब्द

(C) अर्ध तत्सम

(D) अर्ध तद्भव

63. निम्न में कौन गीति नाट्य नहीं है ?
(A) जयशंकर प्रसाद - करुणालय
(B) मैथिलीशरण गुप्त - अनघ
(C) धर्मवीर भारती - अंधा युग
(D) सुमित्रानंदन पंत - ज्योत्सना

64. भक्तिकाल के किस कवि ने बरवै नायिका भेद लिखा है ?
(A) रहीम
(B) रसखान
(C) नन्ददास
(D) कृष्णदास

65. 'कान पर जूँ न रेंगना' मुहावरा का सही अर्थ क्या है ?
(A) कान के पास धीरे से कहना
(B) कान के निकट नहीं सुनाई देना
(C) कान के जूँ बालों तक जाते हैं
(D) बिल्कुल ध्यान न देना

66. पहाड़ी हिन्दी का विकास किस अपभ्रंश माना गया है ?
(A) व्राचड़
(B) मागधी
(C) पैशाची
(D) खस

67. निम्नलिखित में से कौन-सा 'धनुष' का पर्याय नहीं है ?
(A) शरासन
(B) असि
(C) कोदंड
(D) पिनाक

68. निम्नलिखित में से घनानन्द की रचना नहीं है
(A) प्रिया प्रसाद
(B) भावना प्रकाश
(C) प्रीति पावस
(D) पक्षी विलास

69. 'घड़ों पानी पड़ना' मुहावरा का अर्थ है
(A) घड़े से पानी गिराना
(B) पानी की कीमत समझना
(C) अत्यन्त संकुचित सोचना
(D) अत्यन्त लज्जित होना

70. निम्न में से कौन-सा 'बहुव्रीहि समास' का उदाहरण नहीं है ?
(A) चन्द्रशेखरः
(B) चक्रपाणिः
(C) चन्द्रकान्तिः
(D) राजपुरुषः

71. जहाँ उपमेय का प्रतिषेध कर उपमान की स्थापना की जाय वहाँ अलंकार है
(A) उत्प्रेक्षा
(B) रूपक
(C) रूपकातिशयोक्ति
(D) अपह्नुति

72. 'स्था' धातु का विधिलिङ् लकार प्रथम पुरुष बहुवचन
(A) तिष्ठेयुः
(B) तिष्ठाव
(C) तिष्ठत
(D) तिष्ठेत

73. इनमें से एक 'पतवार' का पर्यायवाची है
(A) अर्जुन
(B) दुर्योधन
(C) कर्ण
(D) नकुल

74. 'कारण के अभाव में कार्य की उत्पत्ति होना', किस अलंकार का परिचायक है ?
(A) श्लेष
(B) विरोधाभास
(C) विभावना
(D) विशेषोक्ति

75. बरवै छन्द है
(A) सम मात्रिक
(B) अर्द्ध सम मात्रिक
(C) विषम मात्रिक
(D) अर्द्ध विषम मात्रिक

76. निम्न में से कौन-सी रचना 'सर्वेश्वरदयाल सक्सेना' की नहीं है ?
(A) पागल कुत्तों का मसीहा
(B) खूँटियों पर टँगे लोग
(C) काठ की घण्टियाँ
(D) एक शहर की मौत

77. शौरसेनी अपभ्रंश के अन्तर्गत आनेवाली भाषा नहीं है ?
(A) गुजराती
(B) सिन्धी
(C) राजस्थानी
(D) पश्चिमी हिन्दी

78. एक तत्सम शब्द है
(A) डाकिनी
(B) तेल
(C) न्योछावर
(D) तर्जनी

79. 'तुलसीदास चंदन घिसें' निबंध के लेखक हैं
(A) विद्यानिवास मिश्र
(B) हरिशंकर परसाई
(C) कुबेर नाथ राय
(D) शरद जोशी

80. 'बूढ़े मुँह मुहासे' प्रहसन के लेखक हैं
(A) राधाचरण गोस्वामी
(B) राधाकृष्ण दास
(C) खड्ग बहादुर मल्ल
(D) प्रताप नारायण मिश्र

81. 'दोपहर' में समास है
(A) द्विगु
(B) द्वन्द्व
(C) बहुव्रीहि
(D) कर्मधारय

82. निम्नलिखित वाक्यों में कौन-सा शुद्ध है ?
(A) मैं आपका दर्शन करने आया हूँ
(B) मेरे लिए ठंडी बर्फ़ और गर्म आग लाओ
(C) शब्द केवल संकेत मात्र हैं
(D) मैं आप पर श्रद्धा रखता हूँ

83. एक में उपसर्ग का प्रयोग है
(A) कुनकुना
(B) कुदरत
(C) कुढ़न
(D) कुढंग

84. 'चाय' आगत शब्द है
(A) जापानी
(B) चीनी
(C) जर्मन
(D) पुर्तगाली

85. लिंग की दृष्टि से एक वाक्य शुद्ध है
(A) चाय फीका है
(B) दही खट्टा है
(C) चाँदी सोने से कम महँगा है
(D) मिसरी मीठा है

86. 'पुष्य' या 'पुण्ड' को हिन्दी का प्रथम कवि किस आलोचक ने माना है ?
(A) राहुल सांकृत्यायन
(B) दशरथ ओझा
(C) राम विलास शर्मा
(D) शिवसिंह सेंगर

#

87. शेखर जोशी की कहानी है

(A) कर्मनाशा की हार (B) मेरा पहाड़

(C) पंचलाइट (D) महुए का पेंड़

88. इनमें से एक का अर्थ 'एतराज' है

(A) विघ्न (B) विपत्ति

(C) संकट (D) आपत्ति

89. 'विज्ञानगीता' किसके द्वारा लिखी गई है ?

(A) नाभादास

(B) तुलसीदास

(C) केशवदास

(D) मलूकदास

90. "इतिवृत्त और आलोचना का समवेत रूप होने से वह इतिहास आज भी प्रकाश-स्तम्भ बना हुआ है" इस कथन में जिस 'इतिहास' की ओर संकेत किया गया है, उसके लेखक है

(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(B) गार्सां द तासी

(C) मिश्र बन्धु

(D) जार्ज ग्रियर्सन

91. 'एक दिन बोलेंगे पेंड़' काव्य संग्रह के रचनाकार हैं

(A) राजेश जोशी (B) सौमित्र मोहन

(C) शेखर जोशी (D) अरुण कमल

92. इस बोली में कर्त्ता कारक की विभक्ति का प्रयोग नहीं होता ?

(A) कन्नौजी (B) बुन्देली

(C) अवधी (D) मेवाती

93. एक की वर्तनी शुद्ध है

(A) अनन्नास (B) अक्षौहणी

(C) आक्समिक (D) आकाल

94. 'उत्तररामचरित' का प्रधान रस है

(A) शान्त (B) करुण

(C) शृंगार (D) वीर

95. 'संत साहित्य' के संबंध में कौन-सा कथन उचित नहीं प्रतीत होता है ?

(A) संत साहित्य एक वैचारिक भूमि पर स्थित है ।

(B) रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार यह इस्लामिक आक्रमण से पराजित हिन्दू जनता की असहाय मन:स्थिति का परिणाम है ।

(C) संत साहित्य को मात्र भजन पूजन के स्तर पर देखा जा सकता है ।

(D) हजारी प्रसाद द्विवेदी के अनुसार संत साहित्य या भक्ति आन्दोलन भारतीय चिंता धारा का स्वभाविक विकास है ।

96. निम्नलिखित शब्दार्थों के युग्म में कौन-सा युग्म गलत है ?

(A) नीशार: - रजाई

(B) शिरस्कम् - शिखा

(C) उष्णीषम् - पगड़ी

(D) उत्तरीय: - चादर

97. निम्नलिखित में से कौन-सा अलंकार ग्रंथ नहीं है ?

(A) भाषाभूषण

(B) शिवराज भूषण

(C) ललितललाम

(D) अंगदर्पण

98. 'शैशव के सुन्दर प्रभात का मैंने नवविकास देखा ।
यौवन की मादक लाली में यौवन का हुलास देखा ।।'
पंक्तियाँ किसके द्वारा लिखी गई हैं ?
(A) हरिवंशराय बच्चन
(B) भगवतीचरण वर्मा
(C) विद्यावती कोकिल
(D) सुभद्रा कुमारी चौहान

99. मनोहर श्याम जोशी का उपन्यास है
(A) कसप
(B) दिल्ली दूर है
(C) मुझे चाँद चाहिए
(D) कितने पाकिस्तान

100. बहुवचन की दृष्टि से एक वाक्य शुद्ध है
(A) चिड़िया उड़ गयीं ।
(B) चिड़ियें उड़ गयीं ।
(C) चिड़ियाएं उड़ गयीं ।
(D) चिडियाँ उड़ गयीं ।

101. 'वारि' शब्द की द्वितीया विभक्ति द्विवचन है
(A) वारिणि (B) वारिणी
(C) वारिण: (D) वारिणा

102. हिन्दी के मार्क्सवादी समीक्षक हैं
(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(B) डॉ. नगेन्द्र
(C) डॉ. नामवर सिंह
(D) नंद दुलारे बाजपेयी

103. 'आँखें बिछाना' मुहावरा का सही अर्थ है
(A) प्रायश्चित करना
(B) आँखें थक जाना
(C) उपेक्षा करना
(D) हृदय से आदर करना

104. 'छायावाद बड़ी सहृदयता के साथ प्रभावसाम्य पर ही विशेष लक्ष्य रखकर चला है' – छायावाद के सम्बन्ध में यह कथन किसका है ?
(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(B) आचार्य नन्द दुलारे बाजपेयी
(C) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
(D) डॉ. शान्तिप्रिय द्विवेदी

105. 'किसी शुभकार्य को विधिविधान और श्रद्धापूर्वक करना' क्या कहलाता है ?
(A) प्रार्थना (B) अभ्यर्थना
(C) अनुष्ठान (D) मंत्रणा

106. 'बचपन की स्मृतियाँ' के लेखक हैं
(A) महादेवी वर्मा
(B) रामवृक्ष बेनीपुरी
(C) शांतिप्रिय द्विवेदी
(D) राहुल सांकृत्यायन

107. 'जगत्' शब्द का कौन–सा रूप तीन विभक्तियों में एक सा रहता है ?
(A) जगतो:
(B) जगद्भ्याम
(C) जगत:
(D) जगद्भि:

108. 'मरने के लिए तैयार हो जाना' – अर्थ देनेवाला मुहावरा है

(A) सिर पर खून सवार होना

(B) सिर पर भूत सवार होना

(C) सिर पर कफ़न बाँध लेना

(D) आँखों में खून उतर आना

109. 'कुवलयमाला कथा' के लेखक है

(A) सोमप्रभ सूरि

(B) उद्योतन सूरि

(C) धर्मसूरि

(D) मुनि जिनविजय

110. 'अजिर' शब्द का अर्थ है

(A) युवा

(B) आँगन

(C) वार्धक्य

(D) जरावस्था

111. 'सर्वेस्वरा घोषवन्तो बलवन्तो वक्तव्य:' यह कथन किस ग्रन्थ का है ?

(A) महाभाष्य

(B) छान्दोग्य उपनिषद

(C) वाक्यपदीय

(D) अष्टाध्यायी

112. विष्णु प्रभाकर कृत 'आवारा मसीहा' क्या है ?

(A) आत्मकथा

(B) जीवनी साहित्य

(C) रेखाचित्र

(D) यात्रा साहित्य

113. विलोम की दृष्टि से एक युग्म अशुद्ध है

(A) गमन – आगमन

(B) निषिद्ध – विहित

(C) आमिष – सामिष

(D) व्यास – समास

114. एक वाक्य शुद्ध है

(A) आपकी राय से यह काम ज़रूरी है ।

(B) वहाँ मिष्टान्न की बड़ी दुकान है ।

(C) भारत काश्मीर से लगा कर कन्याकुमारी तक फैला है ।

(D) उन्होंने बहुत - सी पुस्तकें एकत्रित कर ली हैं ।

115. निर्गुण भक्तिकाव्य धारा में 'उदासी सम्प्रदाय' के प्रवर्तक कौन हैं ?

(A) दादू दयाल

(B) रज्जब

(C) श्रीचंद

(D) मलूकदास

116. 'समष्टि' शब्द का विलोम क्या है ?

(A) समूह

(B) समग्र

(C) विशिष्ट

(D) व्यष्टि

117. 'अमिय हलाहल मद भरे, सेत स्याम रतनार।
जियत मरत झुकि – झुकि परत, जेहि चितवत इक बार।।'

उपर्युक्त दोहे में अलंकार है

(A) परिसंख्या
(B) मुद्रा
(C) यथासंख्य
(D) विभावना

118. 'भ्रूणहत्या' निबन्ध के लेखक हैं

(A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(B) श्याम सुन्दर दास
(C) महादेवी वर्मा
(D) ठाकुर जगमोहन सिंह

119. इस बोली में उत्तम पुरुष एक वचन के स्थान पर उत्तम पुरुष बहुवचन का प्रयोग किया जाता है

(A) अवधी
(B) खड़ी बोली
(C) ब्रज
(D) हरियाणवी

120. 'नई कविता' के विषय में असत्य कथन है

(A) इसमें नये भावबोधों की अभिव्यक्ति हुई है
(B) इसमें जीवन के प्रति आस्था दिखाई पड़ती है
(C) नई कविता के रचयिताओं में अधिकांश प्रगतिवाद और प्रयोगवाद के खेमे में रह चुके हैं
(D) यह कविता हासोन्मुख मध्यवर्गीय समाज के जीवन का चित्र है

121. 'जो मर रहा हो' के लिए एक शब्द है

(A) मुमुक्षु
(B) मुमूर्षु
(C) मुमुक्षा
(D) मुमूर्षा

122. तारसप्तक का प्रकाशन काल है

(A) 1943 ई.
(B) 1951 ई.
(C) 1950 ई.
(D) 1959 ई.

123. 'जहाँ उपमेय स्वयं अपना उपमान हो' वहाँ अलंकार है

(A) उपमेयोपमा
(B) मालोपमा
(C) व्यतिरेक
(D) अनन्वय

124. भक्तिकालीन 'रस सिद्धान्त' विषयक ग्रन्थ है

(A) रस प्रबोध
(B) रस मंजरी
(C) रस रहस्य
(D) रस रंग

125. संथाली भाषा किस भाषा परिवार से सम्बन्धित है ?

(A) भारोपीय परिवार
(B) द्रविण परिवार
(C) आस्ट्रिक परिवार
(D) चीनी तिब्बती परिवार